सम्मानित बुजुर्गों ने साझा किए अनुभव

नरैनी। ग्राम पंचायत करतल में जन योजना अभियान और ग्राम पंचायत की वर्ष 2025-26 की नियोजन प्रक्रिया संबंधी ग्राम सभा का आयोजन हुआ। इस दौरान 75 वर्ष या इससे अधिक उम्र के पुरुष और महिला बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। बुजुर्गों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अनुभव साझा किए गए। कार्यक्रम में ग्राम संगठन की अध्यक्ष ने महिलाओं की आजीविका के संबंध में संबोधन किया और वीडियो दिखाया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मनफूल पटेल, ग्राम प्रधान करतल कामता प्रसाद, प्रधान पोंगरी नत्थू प्रसाद, बीडीओ प्रमोद सिंह, सहायक विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से ब्लॉक मिशन मैनेजर राकेश प्रजापति , विशाल तिवारी, संकुल समन्वयक अंकित कुमार द्विवेदी, प्रेरक संयोगिता, ग्राम पंचायत के सचिव सुरेश कुमार, वार्ड पंच और समूह की दीदियां उपस्थित रहे। (संवाद)